कार्यालय— स्टेट लेविल नोडल एजेन्सी
समेकित जल संग्रहण प्रबन्धन परियोजना
परती भूमि विकास विभाग,
एल्डिको कॉरपोरेट टॉवर, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ
दूरभाष—0522—4005337, 4113437 ईमेल—sldcldwrlu-up@nic.in

पत्रांकः 752 / एस.एल.डी.सी. / 2015—16 दिनांक 17 अक्टूबर, 2015

1—समस्त उप निदेशक,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0।
2—समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0।

कृपया इस कार्यालय के पत्रांक 446 / एस0एल0एल0डी0सी0 / 2015—16 दिनांक 13.7.2015 का सन्दर्भ लें, जिसके द्वारा वर्ष 2011—12 एवं 2012—13 में स्वीकृति परियोजनाओं की लम्बित डी0पी0आर0 तैयार कराये जाने हेतु दो संस्थान STEP HBTI कानपुर और SIRD लखनऊ को नामित किया गया है साथ में STEP HBTI, कानपुर और SIRD लखनऊ को डी0पी0आर0 बनाने हेतु आवंटित जनपदों की सूची भी संलग्न कर प्रेषित की गयी है। उक्त डी0पी0आर0 इन सस्थानों के साथ निष्पादित अनुबन्ध (एम0ओ0यू0) की शर्तो के अधीन तैयार कराया जाना है। इस अनुबन्ध के अनुसार पी0आई0ए0 को 21 कार्य सम्पादित करने हैं। संज्ञान में लाया गया है कि पी0आई0ए0 द्वारा इन कार्यो को बाहर की कम्पनी या फर्म से कराया जा रहा है, जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया जाता है कि अनुबन्ध के अनुसार डी0पी0आर0 तैयार करने में पी0आई0ए0 को आवंटित कार्यों को किसी बाहर की कम्पनी, संस्था या फर्म से न कराया जाए पी0आई0ए0 को आवंटित कार्यो को यदि अन्य संस्था से कराने की आवश्यकता है, तो डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु आवंटित संस्था STEP HBTI, कानपुर और SIRD लखनऊ से सम्पर्क कर आवश्यकतानुसार कार्य करा सकते हैं। STEP HBTI, कानपुर और SIRD लखनऊ से समयान्तर्गत कार्य न हो पाने की दशा में यदि किसी अन्य संस्था से कार्य कराने की आवश्यकता हो तो वस्तुस्थिति से एस0एल0एन0ए0 को अवगत कराया जाए एस0एल0एन0ए0 द्वारा अनुमोदित संस्था से ही आवश्यकतानुसार कार्य कराया जाए। यदि एस0एल0एन0ए0 से अनुमोदित संस्था नहीं है और उससे कार्य कराया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी पी0आई0ए0 पर अवधारित करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी।

(आञ्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

पत्रांक— / एस.एल.डी.सी. / 2015—16 दिनॉकित

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष डब्लू0सी0डी0सी0, उ0प्र0 (जनपद—शामली, गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर को छोडकर)
3. अध्यक्ष एवं प्रशासक, शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास एवं जल प्रबन्धन परियोजना, 23—सी, गोखले मार्ग, लखनऊ।
4. अध्यक्ष एवं प्रशासक, रामगंगा कमाण्ड परियोजना, पाण्डुनगर, कानपुर।
5. संयुक्त निदेशक, समादेश बन्धु, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
6. निदेशक, साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी इन्टरप्रीन्योर्स पार्क (STEP HBTI) हारकोट बटलर टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट कानपुर।
7. महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान (SIRD) बक्शी का तालाब, लखनऊ।

(आञ्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी